### अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव ने कार्यकर्ताओं से की वन टू वन चर्चा, कहा– संगठन को बनाए मजबूत

# कांग्रेस को व्यक्ति विशेष की पार्टी नहीं बनाए : लोचव



**नवभारत,दमोह।** मनरेगा योजना में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम बदले जाने को लेकर व संगठन सृजन अभियान में गति देने को लेकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव व मप्र कांग्रेस कमेटी के सहप्रभारी रणविजय सिंह लोचव का जिला कांग्रेस कार्यालय दमोह में आगमन हुआ।

उन्होंने जिले की चारों विधानसभा के प्रत्याशी, ब्लॉक अध्यक्षों, प्रकोष्ठो के अध्यक्षों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी को विशेष व्यक्ति की पार्टी नहीं बनाये, जिसने जो जिम्मेदारी ली है वह कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाये। संगठन की मजबूती ही उनकी पहली प्राथमिकता है।

## कार्यकर्ता 25-25 व्यक्तियों की समिति बनाए : पटेल

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि जो पंचायत व वार्ड कमेटी का गठन किया जाना है वहां प्रत्येक कार्यकर्ता 25-25 व्यक्तियों की समिति बनाए। पूर्व विधायक अजय टंडन, प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा ने महात्मा गांधी का नाम उन्होंने एक योजना पर से हटाया है। हमने जमीनी स्तर पर उनका विरोध नहीं किया तो वह हमारे महापुरूषों का नाम मिटाने की योजना बनायेंगे।

## भाजपा हो गई हैं अहंकारी : जैन

पूर्व जिलाध्यक्ष रतनचंद जैन, मनु मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता में रहते हुए अहंकारी हो गयी है। गरीब मजदूर महिलाओ दलित आदिवासियों को लालच देकर उनका वोट हथियाना है। वीरेन्द्र दबे, राजेश तिवारी,सुषमा विक्रम सिंह, लक्षमण सिंह, निधि श्रीवास्तव, कमला निषाद, संध्या नायक, रीता लोधी, वीरेन्द्र राजपूत, अभिषेक डिम्हा, अमर सिंह, नितिन मिश्रा, बबलू भट्ट, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, विजय बहादुर, रोहन पाठक ने भी अपने विचार रखें।

## कार्यकर्ताओं ने की सहप्रभारी से मुलाकात

कांग्रेस कार्यकर्ता डीपी पटेल, मदन सुमन, परम यादव, प्रदीप पटेल, दिनेश रैकवार, भूपेन्द्र आजवानी, बसंत कुशवाहा, शमीम कुरैशी, उवैद गौरी, रियान खान, अजय जाटव, अभिषेक यादव, केके वर्मा, अरूण दुबे, लाखन सिंह, मंजीत यादव, अरविन्द अवस्थी, रजनी ठाकुर ने भी सहप्रभारी से मुलाकात कर कहा कि हमें जो भी जिम्मेदारी जिला कांग्रेस ने दी है उसे हम बखूबी निभा रहे है।

## विधानसभा की समस्याओं से कराया अवगत

इस अवसर पर जबेरा के रघुनंदन तिवारी, गोविंद तिवारी, ओपी शर्मा, श्रीकांत पोते, तेन्दुखेड़ा से नीलेश यादव, तुला यादव, मोहन आदिवासी, द्वारका सिंह, राजू पांडे, नीलेश यादव, डालचंद कुशवाहा, पंकज जैन, राव बृजेन्द्र सिंह, प्रदीप पटैल, एवं पार्षद पप्पू कसोटया, राजा रौतेला, अफ़्ज़ल खान, रफीक खान, जीशान पठान, एके चिश्ती, जावेद रोजान ने भी व्यक्तिगत मुलाकात कर उनकी विधानसभा में हो रही समस्याओं एवं संगठन संबंधी बातों से अवगत कराया।



# युवा कांग्रेस ने निकाली हल्ला बोल रैली

### विभिन्न समस्याओं को लेकर मायसेम प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,पथरिया 13 जनवरी।** पथरिया विधानसभा क्षेत्र के नरसिंहगढ़ स्थित मायसेम फैक्ट्री में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस ने मंगलवार दोपहर' हल्ला बोल रैली निकाली। रैली के उपरांत फैक्ट्री प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर प्रमुख मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। युवा कांग्रेस ने ज्ञापन में स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने तथा जिन किसानों की भूमि उत्खनन के लिए अधिग्रहीत की गई है उन्हें फैक्ट्री में स्थायी नौकरी देने की मांग रखी। इसके साथ ही ब्लास्टिंग से क्षतिग्रस्त गरीब परिवारों के मकानों के लिए मुआवजा देने तथा फसिया नाले पर शहीद स्मारक निर्माण की मांग भी उठाई गई।

## रैली का नेतृत्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष लोधी ने किया

रैली का नेतृत्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष द्रुगपाल लोधी ने किया। रैली फैक्ट्री प्रबंधन के गेट से प्रारंभ होकर नरसिंहगढ़ बस स्टैंड और मुख्य मार्गों से होते हुए राम मंदिर तक पहुंची। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। इस मामले में मीडिया द्वारा फैक्ट्री प्रबंधन का पक्ष जानने की कोशिश की गई तो पुलिस थाना प्रभारी ने पत्रकारों को भीतर जाने की अनुमति नहीं दी।

## एक नजर में



### टपरे में लगी आग, जलकर हुआ खाक

**कुम्हारी नवभारत।** बस स्टैंड कुम्हारी सगोनी मार्ग पर अशोक जैन के टपरे में असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। इस संबंध में अशाक जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले दुकान संचालित कर रहे थे, लेकिन कुछ दिनों से दुकान बंद है। आग में पूरी दुकान जलकर खाक हो गई है। पटवारी अमित उपाध्याय ने मौके पर पंचनामा बनाया और राहत राशि के लिए आवेदन तैयार किया।



### जनसुनवाई में 180 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**नवभारत,दमोह 13 जनवरी।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये हितग्राहियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 180 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 15 आधार अपडेशन, 10 महिला एवं बाल विकास व 125 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवदेन भी दिए गए। जिले के ग्राम नोहटा, अभाना सहित चिन्हित 25 पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान 20 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें शत-प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया गया।

### पुलिस ने दो इनामी आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नवभारत,दमोह 13 जनवरी।** नगर पुलिस अधीक्षक एचआर पांडे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में थाना कोतवाली में टीम गठित की गयी थी। 13 जनवरी को मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना कोतवाली के फरार चल रहे आरोपी नित्तू उर्फ नितिन एवं आरोपी शेख कल्ला उर्फकल्लन को गिरफ्तार किया गया। आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 3000-3000 रूपये की इनाम घोषित किया गया था। आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया.



# आवासीय परिसर में अवैध गतिविधियों पर लगेगा अंकुश

### ▸ कलेक्टर ने सर्वेक्षण दल गठित किया, अवैध रूप से निवासरत व्यक्तियों को किया जाएगा चिन्हित

**नवभारत,दमोह 13 जनवरी।** नगर पालिका परिषद दमोह द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना एएचपी घटक अंतर्गत समन्ना वायपास रोड पर बहुमंजिला ई.डब्लू.एस.भवनों का निर्माण किया गया है। लगभग 1350 भवन हितग्राहियों को आवंटित कर आधिपत्य दिया जा चुका है। इस आवासीय परिसर में विगत कई दिनों से विभिन्न स्त्रोतों से अपराधिक असामाजिक गतिविधियों की शिकायतें समाचार पत्रों, सोशल मीडिया आदि द्वारा प्राप्त हो रही है। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने स्थल पर प्रत्येक भवन में निवासरत प्रत्येक हितग्राही के संबंध में मौके पर जाकर उनका एवं उनके परिवार का भौतिक सत्यापन करने के उद्देश्य से सीएमओ नगर पालिका दमोह द्वारा प्रस्तावित नामों के आधार पर सर्वेक्षण दल गठित किया जाता है। कलेक्टर कोचर ने इस सर्वेक्षण दल को 16 जनवरी से सभी ईडब्लूएस भवनों में जाकर निवासरत हितग्राही से संपर्क कर उनको जारी किये गये आवंटन आदेश प्राप्त कर नगर पालिका की सूची से मिलान कर प्रारूप में जानकारी संकलित कर 31 जनवरी तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। उन्होंने सर्वेक्षण दल द्वारा प्रस्तुत सर्वेक्षण रिपोर्ट पर जांच कर वस्तुस्थिति की जानकारी प्रस्तुत करने एवं भवनों पर अवैध रूप से निवासरत व्यक्तियों की सूची तैयार कर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु जांच समिति का गठन किया है।

## 20 फरवरी तक होगी कार्यवाही

उन्होंने निर्देशित किया है गठित की गई समिति सर्वेक्षण दल द्वारा प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण कर नगर पालिका द्वारा आवंटित किये गये हितग्राहियों की सूची से मिलान उपरांत आवासीय परिसर में अवैध रूप से निवासरत व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही 20 फरवरी तक करते हुये पालन प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत की जाये।

# सिंग्रामपुर में योग दिवस मनाया गया

**नवभारत,सिंग्रामपुर।** विवेकानंद जयंती के अवसर पर सूर्य नमस्कार के साथ योग दिवस मनाया गया। सिंग्रामपुर के रानी दुर्गावती हायर सेकेंडरी स्कूल एवं ज्ञान स्थली पब्लिक स्कूल सिंग्रामपुर में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, विद्यार्थी व ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में शारीरिक स्वास्थ्य, अनुशासन व सकारात्मक सोच का विकास करना था। सभी प्रतिभागियों ने एक साथ सूर्य नमस्कार कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को याद करते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



# स्कूल के 120 विद्यार्थियों ने की जंगल की सैर

### अनुभूति कार्यक्रम से छात्रों में बढ़ता हैं वनों के प्रति सेवा भाव

**कुम्हारी नवभारत 13 जनवरी।** घाट पिपरिया के छात्रों ने अनुभूति कार्यक्रम में जंगली सभ्यता को जाना। वन विभाग द्वारा अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन सलैया वन चौकी में किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को जंगल में 5 किलोमीटर तक पेड़, पौधे, जंगली जानवर, पेड़ों की प्रजाति आदि से जुड़ी जानकारी वन विभाग की टीम द्वारा दी गई।

विद्यार्थियों को बताया गया कि मानव सभ्यता में वन की अहम भूमिका है। वन पर ही पर्यावरण और वर्षा निर्भर होती है। वनों की सुरक्षा का दायित्व हमारा मुख्य उद्देश्य है। घाट पिपरिया स्कूल के 120 छात्रों ने जंगल की सैर की और उनसे जुड़ी जानकारी हासिल की। अनुभूति कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार के रूप में प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम में रेंजर अखिलेश चौरसिया, डिप्टी रेंजर मुकेश पाराशर, जगदीश समदड़िया, अब्दुल सईद, बलवंत सिंह, रशीद कुरैशी, वनपाल दुर्गेश अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

# दीवारों को संरक्षित करने किया जा रहा रिपेयर वर्क

### ▸ राज्यमंत्री लोधी ने दमयंती संग्रहालय के जीर्णोद्वार व विकास कार्य का लिया जायजा



**नवभारत,दमोह।** दमोह जिले के ऐतिहासिक रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय के जीर्णोद्धार व विकास के लिए प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी के विशेष प्रयासों से 20 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस परियोजना में निर्माण व जीर्णोद्धार के साथ-साथ संग्रहालय के मेंटेनेंस और आवश्यक कार्य की व्यवस्था भी शामिल है।

इस आशय की बात कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने धरोहर की प्रिंसिपल आर्किटेक्ट और प्रोजेक्ट की कंसल्टेंट संगीता बैस और पर्यटन विभाग के कार्यपालन यंत्री के साथ संग्रहालय का जायजा लेते हुये कही। उन्होंने संग्रहालय के परिसर के साथ-साथ चारों ओर का भ्रमण कर सौदर्यीकरण कार्यों के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सिद्धार्थ मलैया, एसडीएम आरएल बागरी, रानी दमयंती संग्रहालय के प्रभारी अधिकारी सुरेन्द्र चौरसिया सहित पर्यटन विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## ऐतिहासिक संरचना को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाएगी : कोचर

कलेक्टर कोचर ने कहा कि गत दिनों राज्यमंत्री द्वारा स्थल का भ्रमण कर आवश्यक निर्देश दिए गए थे, इसी क्रम में कार्य की प्रगति की सतत् समीक्षा की जा रही है। पर्यटन विभाग के अधिकारियों व परियोजना से जुड़े आर्किटेक्ट के साथ संग्रहालय परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया गया है। कलेक्टर कोचर ने कहा कि संग्रहालय का चारों ओर से वॉक-थ्रू निरीक्षण किया गया है। वर्तमान में किले की दीवारों को संरक्षित करने के उद्देश्य से रिपेयर एवं जीर्णोद्धार कार्य प्रगति पर है, ताकि ऐतिहासिक संरचना को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जा सके।

## पूरा किला चारों ओर से विजिबल होगा

उन्होंने कहा कि आगामी समय में जब यह कार्य पूर्ण हो जाएगा, तो पूरा किला चारों ओर से विजिबल होगा। वर्तमान में किला आमजन को स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता, लेकिन जीर्णोद्धार के बाद यह अपने भव्य और आकर्षक स्वरूप में सामने आएगा।उन्होंने कहा किले की दृश्यता और सौंदर्यीकरण के बाद लोग यह देखकर आश्चर्यचकित होंगे कि दमोह में इतना समृद्ध ऐतिहासिक धरोहर स्थल मौजूद है, जो अब तक आम दृष्टि से ओझल रहा। परियोजना को लेकर आगे की कार्ययोजना पर भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

# युवाओं को फिटनेस के प्रति किया जागरूक

**नवभारत,दमोह।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में 12 से 23 जनवरी तक स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया जा रहा है. अत: इसी कार्यक्रम के संदर्भ में शासकीय पीजी कॉलेज में स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक डॉ हरिओम दुबे ने स्वदेशी का विषय रखा जिला सह-संयोजिका डॉ. प्रिया श्रीवास्तव ने सभी को युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वदेशी संकल्प करवाया एवं स्वदेशी अपनाने का आग्रह किया। महिला एवं प्रमुख डॉ. मोनिका पालीवाल ने सभी युवाओं को अपने लक्ष्य तथा फिटनेस के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक जैन व इंदिरा जैन ने बताया, स्वदेशी संकल्प दौड़ का उद्देश्य युवाओं को स्वदेशी मूल्यों, उद्यमिता, कौशल विकास, शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य, अनुशासन तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करना है।



# कॉरिडोर निर्माण समय सीमा में करें : कोचर

### ▸ कलेक्टर ने निर्माण कार्य का किया निरीक्षण, मंदिर ट्रस्ट ने दिए सुझाव

**नवभारत,दमोह 13 जनवरी।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बांदकपुर कॉरिडोर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। निर्माण कार्यों की प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर कोचर ने मेन गेट, अप्रोच सड़क, प्लाजा, प्रसाधन, पुलिस सहायता केन्द्र सहित निर्माण कार्यो को निर्धारित समय पर कार्य पूरे करने संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया। इस अवसर पर प्रबंधक पं. रामकृपाल पाठक, एडवोकेट पंकज हर्ष श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री पर्यटन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य अधिकारी व मंदिर कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

## कॉरिडोर पथ का किया भ्रमण

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि आज बांदकपुर कॉरिडोर के निर्माण के लिए प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने पिछली बार निर्देश दिए थे, उन निर्देशों के पालन की स्थिति और कॉरिडोर के निर्माण की जो पूरी प्रक्रिया चल रही है, उसकी समीक्षा की है। पूरा कॉरिडोर पथ घूमकर देखा गया। जो-जो इश्यूज आ रहे हैं, जो-जो महत्वपूर्ण मुद्दे हैं उन सब पर चर्चा की गई और सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। भ्रमण के दौरा मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने भी कलेक्टर के समक्ष अपने सुझाव रखे।



फाइल फोटो

# मकर संक्रांति पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की रहेगी भीड़, जगह-जगह लगेंगे मेले

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** मकर संक्रांति पर स्नान पुण्य दान का विशेष महत्व हुआ करता है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में नर्मदा घाटों पर पहुंच कर स्नान पूजन अर्चन किया करते हैं। वहीं आज और कल बुडकी के मुहुर्त में श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच कर स्नान कर पूजन अर्चन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। भगवान ब्रह्मा की तपस्थली ब्रह्माण्ड घाट में नर्मदा नदी के पावन तट पर मकर संक्रांति से लगने वाले 15 दिवसीय मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। तथा तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बिल्थारी करोंदी बारह ककरा घाटों पर मेलों का आयोजन होगा। पीपर पानी पान की पहाड़ी मृगन्नाथ धाम में भी मेले का आयोजन किया जाएगा। यहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कुंड में स्नान कर पूजन अर्चन किया करते हैं। तथा मेले में भ्रमण कर आनंद लुत्त उठाते हैं। लेकिन तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बहुत से घाटों पर उचित व्यवस्था ना होने के कारण श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी हुआ करती है। चूंकि नर्मदा के प्रत्येक घाट पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए समुचित व्यवस्थायें बनाये जाने की महती आवश्यकता है। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ककरा घाट बिल्थारी करोंदी बारह छत्तरपुर सिमरिया घाटों पर विशेष ध्यान दिये जाने की जरूरत है।हर साल इन व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन के अधिकारियों का ध्यान तो आकृष्ट कराया जाता है लेकिन स्थानीय ग्राम पंचायतों को जवाबदारी सौंपकर अधिकारी अपनी जबाब दारियों से पल्ला झाड़ लेते हैं। और श्रद्धालु अव्यवस्थाओं के बीच परेशान होते हुए देखे सुने जाते हैं।

## ककरा घाट पर पड़ता है भारी दबाव

तेंदूखेड़ा से गाडरवारा जाने वाले सड़क मार्ग पर पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट ककरा घाट जहां गाडरवारा तेंदूखेड़ा और रायसेन सागर जिले के श्रद्धालु बड़ी संख्या में अनुकूलता के हिसाब से पहुंचा करते हैं लेकिन ना तो इस घाट तक पहुंचने सुगम रास्ता है और ना ही प्रकाश की कोई उचित व्यवस्था है। यहां तक कि महिला पुरुषों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है। घाटों पर बड़ी बड़ी दुकानें लग जाने से श्रद्धालुओं को आवागमन में असुविधा हुआ करती है। यहां पर बाहनों का भारी दबाव होने की स्थिति में मुख्य सड़क मार्ग से लेकर नीचे तक जाम लगने की समस्या बनती है घंटों मशक्कत के बाद सड़क मार्ग सुचारू हो पाते हैं।मकर संक्रांति पर बृहद पर भंडारों का आयोजन हुआ करता है।

## भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक

सबसे बड़ी समस्या इस सड़क मार्ग पर एन टी पी सी प्लांट से आ रही राख को लेकर भारी संख्या में कंटेनरों की आवाजाही इस मार्ग पर अबाध गति से चला करते हैं।आये दिन सड़क दुर्घटना में अनेकों लोग काल के गाल में समा भी चुके हैं। कुछ दिनों तक रफ्तार में लगाम लगने के बाद अब पुन: वही स्थिति बनीं हुई है लेकिन मकर संक्रांति के अवसर श्रद्धालु बड़ी संख्या में अपने अपने बाहनों से आवागमन करते हैं।भरने वाले मेलों का आनंद लाभ उठाते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से दो दिन तक इन कंटेनरों की आवाजाही पर रोक लगाये जाने की जरूरत है।

### जगह-जगह लगते हैं मेले

कलयुग में मोक्षदायिनी मां नर्मदा का पावन तटों पर दो दिन पूर्व से एक सप्ताह तक श्रद्धालु नर्मदा तटों पर लगने वाले मेले में अपनी अपनी दुकानें लगाया करते हैं। बाहर से आने वाले क्षेत्रों के ग्रामीण जन स्नान पूजन कर यहां रहकर भोजन प्रसाद भर्त बाटी बनाया करतें हैं और मेले में जरुरी रोजमर्रा की सामग्री को भी खरीदा करतें हैं लेकिन घाटों पर गंदगी का आलन और उचित व्यवस्था ना होने के कारण उनका आस्था पर आघात पहुंचता है। इसलिए आवश्यक है कि इन घाटों पर समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जायें।